प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह में की शिरकत : स्वच्छता कर्मियों को 16 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह का वेतन और आयुष्मान कार्ड की सुविधा देने का किया एलान।**
2. **प्रदेश सरकार ने श्रीसन फार्मास्युटिकल द्वारा निर्मित कोल्ड्रिफ कफ सिरप पर लगाया प्रतिबंध : अगले आदेश तक सरकारी और निजी संस्थानों में कफ सिरप के आयात और निर्यात पर भी लगाई रोक।**
3. **राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 29वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित : कहा– विश्वविद्यालयों में सुनिश्चित करें छात्रों की 75 फीसदी उपस्थिति।**

**और**

4. **शरद पूर्णिमा पर मथुरा के श्री बांके बिहारी मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का तांता : सफेद वस्त्र धारण कर अलौकिक रूप में भक्तों को दर्शन दे रहे हैं ठाकुर जी।**

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के पहले दिन आज कई कार्यक्रमों में शिरकत की। महर्षि वाल्मीकि जयंती की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री योगी**

आदित्यनाथ ने वाराणसी स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने सेवा पखवाड़े के अंतर्गत उत्कृष्ट योगदान करने वाले सफाई कर्मियों को सम्मानित किया और उनपर पुष्पवर्षा भी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि जल्दी ही सरकार स्वच्छता कर्मियों को 16 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह का वेतन देने की व्यवस्था करने जा रही है। साथ ही स्वच्छता कर्मियों को आयुष्मान कार्ड के ज़रिए इलाज की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। बाइट.....

*आने वाले समय में कुछ ही दिनों के अंदर वह ऑर्डर भी जारी होने वाला है जब स्वच्छता कर्मियों को सीधे उनके अकाउंट में सोलह से बीस हजार रूपये उनके अकाउंट में सीधे पैसा जाएगा। अब कोई उनका शोषण नहीं कर पाएगा। पोर्टल तैयार हो रहे हैं और हम लोग ये भी व्यवस्था बनाने जा रहे हैं कि सभी स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता मित्रों को हम लोग पांच लाख रूपये का आयुष्मान भारत के कार्ड की स्वास्थ्य की सुविधा भी उपलब्ध करवाने जा रहे हैं।*

मुख्यमंत्री वाराणसी में आयोजित डायरेक्ट सीडेड राइस कॉक्लेव में भी शामिल हुए। इस वैश्विक सम्मेलन में 300 से अधिक देश विदेश के प्रतिनिधियों ने कम पानी का उपयोग कर जल वायु परिवर्तन के अनुरूप धान की बोआई पर मंथन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने पिछले कुछ वर्षों में कृषि उत्पादन को तेज़ी से बढ़ाया है। उन्होंने कहाकि प्रदेश को वन ट्रिलियन की

अर्थव्यवस्था बनाने में कृषि क्षेत्र की अहम भूमिका होगी।

बाइट.....

*मेरा ये मानना है कि उत्तर प्रदेश आज जितना खाद्यान्न का उत्पादन कर रहा है, इससे भी तीन गुना अधिक उत्पादन करने की सामर्थ्य उत्तर प्रदेश की धरती रखती है और ये उत्पादन की क्षमता को बढ़ाएंगे लागत को अगर हम कम करेंगे कोई कारण नहीं कि उत्तर प्रदेश ने जो अपना टारगेट तय किया है कि दो हज़ार उनतीस तीस में उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेगा और उसमें एग्रीकल्चर की भी अपनी बड़ी भूमिका होगी।*

इससे पहले मुख्यमंत्री ने वाराणसी के श्री अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में लैपटॉप व सिलाई मशीन का वितरण भी किया।

————————

प्रदेश सरकार ने श्रीसन फार्मास्युटिकल द्वारा निर्मित कोल्ड्रिफ कफ सिरप पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार ने यह आदेश देश के कई राज्यों में कफ सिरप पीने से हुई बच्चों की मौत की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए दिया है। राज्य के औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त ने सभी औषधि निरीक्षकों को श्रीसन फार्मास्युटिकल द्वारा निर्मित कफ सिरप के नमूने एकत्र करने के निर्देश जारी किए हैं। इसी क्रम में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने आज लखनऊ में कई मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। इस दौरान टीम ने प्रतिबंधित कोल्ड्रिफ कफ सिरप की खेप की तलाशी ली। उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक

ने कहा कि राज्य में ऐसी किसी भी दवा की बिक्री की अनुमति नहीं है जो मानकों के अनुरूप न हो। बाइट.....

*देखिए कप सिरप को लेकर के देश में जो चर्चा चल रही है उसमें हमारी सरकार ने उस परप्रतिबंध लगा दिया है। हर स्थिति में हम अपने प्रदेश के लोगों के साथ हैं। किसी भी ऐसी दवाई जो मानकों के विपरीत है वो प्रदेश में बिल्कुल भी अलाउ नहीं है और मैं आपको स्पष्ट कर दूँ कि हमारी सरकार ने आज तक इस प्रकार के किसी कप सिरप को परचेजिंग नहीं की है।*

सरकार ने अगले आदेशों तक सरकारी और निजी संस्थानों में कफ सिरप के आयात और निर्यात पर भी रोक लगा दी है।

———————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज जौनपुर के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के उन्तीसवें दीक्षांत समारोह में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने मेधावी छात्र छात्राओं को पदक प्रदान किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होती है जब विद्यार्थी और शिक्षक के बीच संवाद हो। ऐसे में विश्वविद्यालयों को छात्रों की कम से कम 75 फीसदी उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। बाइट.....

*ज्ञान केवल किताब से नहीं बल्कि संवाद और विचारों की उसगराई से उपजता है जो कक्षा में मिलती है। इसलिए आवश्यक है कि विद्यार्थियों की कम से कम उपस्थिति 75 परसेंट को आपका जीआर मैंने भेज दिया है। कि आपकी पहली परीक्षा होगी। 75 पर्सेंट उपस्थिति अनिवार्य रूप से। और नहीं*

*आओगे तो परीक्षा में बैठने नहीं देंगे और उसका  कड़ाई से पालन करना है।*

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐलान किया कि राज्य विधानसभा की 243 सीटों के लिए दो चरणों में– 6 और 11 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। वोटों की गिनती 14 नवंबर को होगी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही बिहार में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।**

——————————

**प्रदेश में नीट यूजी 2025 के तीसर राउंड की काउंसलिंग आज से शुरू हो गई है। अभ्यर्थी नौ अक्टूबर सुबह 11 बजे तक आनलाइन पंजीकरण और दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं। मेरिट लिस्ट 10 अक्टूबर को जारी**

होगी। अभ्यर्थी अपनी पसंद की सीट 11 अक्टूबर की सुबह 11 बजे से 13 अक्टूबर दोपहर दो बजे तक लॉक कर सकेंगे, जबकि सीट आवंटन 15 अक्टूबर को किया जाएगा। आवंटन पत्र डाउनलोड और प्रवेश प्रक्रिया के लिए 16 से 18 अक्टूबर और 24 अक्टूबर का समय दिया गया है।

——————

समाज कल्याण विभाग ने वर्ष 2024–25 के लिए दशमोत्तर छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की समय–सारिणी जारी कर दी है। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य तथा अल्पसंख्यक वर्ग के ऐसे छात्र जिन्हें गत वर्ष छात्रवृत्ति नहीं मिल पाई थी, उन्हें आवेदन का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। 28 नवम्बर को पात्र छात्रों के बैंक खातों में छात्रवृत्ति की धनराशि अंतरित कर दी जाएगी।

——————

भारतीय वायुसेना इस महीने की 8 तारीख को अपनी 93वीं वर्षगांठ मनाएगी। इससे पहले भारतीय वायुसेना ने आज गाजियाबाद के हिंडन वायुसेना केंद्र पर फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया। कार्यक्रम के चलते 8 अक्तूबर तक सुबह साढ़े आठ से साढ़े 11 बजे के बीच संचालित होने वाली सभी उड़ानें निरस्त रहेंगी।

——————

कल प्रदेश भर में वाल्मीकि जयंती मनाई जाएगी। राज्य सरकार ने इस अवसर पर जिला, तहसील और ब्लॉक स्तर पर भी आयोजन के निर्देश दिए हैं। इस दौरान महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली चित्रकूट जिले के लालापुर में वृहद आयोजन कराने का भी निर्देश है। सरकार की ओर से कल सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

————————

मथुरा के वृंदावन में शरद पूर्णिमा के दिन आज श्री बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। दूर–दराज से लाखों की संख्या में आये लोग भगवान की एक झलक पाने के लिए कतारों में लगे हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री बांके बिहारी मंदिर को सफेद गुब्बारों से सजाया गया है। इस खास मौके पर ठाकुर बांके बिहारी सफेद वस्त्र धारणकर अलौकिक रूप में भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। साल में एक बार आज के ही दिन भगवान कृष्ण बंसी धारण करते हैं। शरद पूर्णिमा पर आज ठाकुर जी को चंद्रकला और खीर का विशेष भोग लगाया गया। मंदिर परिसर में बांके बिहारी की एक झलक पाने के लिए दूरदराज़ से आए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। लम्बी कतारों में लगे हैं। इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मो. उमर कुरैशी ,आकाशवाणी समाचार मथुरा।*

————————

सुलतानपुर के ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव के अंतिम दिन आज दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़

उमड़ रही है। महोत्सव का समापन कल से तीन दिनों तक चलने वाली विसर्जन शोभायात्रा के साथ होगा।

—————————

राजधानी लखनऊ और फतेहपुर समेत आसपास के ज़िलों में आज भी बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में तेज़ हवाएं चलने और बारिश की चेतावनी जारी की है।

(समाप्त)